एकता संघर्ष विजय

हैरीटेज सिटी थड़ी – ठेला यूनियन जयपुर (रजि.)

प्रधान कार्यालय : म. नं. ई–402, वैशाली नगर, जयपुर मो. : 9829092918

क्रमांक A/40 दिनांक 04/05/2011

माननीय शान्ति धारीवाल जी,
शहरी विकास मंत्री,
राजस्थान सरकार,
जयपुर (राज०)

ज्ञापन

जयपुर में जारी अतिक्रमण – अवैध निर्माण हटाने के अभियान में थड़ी-ठेला व फूटपाथ व्यवसायियों को उत्पीडित न किये जाने के सन्दर्भ में |

माननीय मंत्री महोदय,

जयपुर शहर में इन दिनों अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही चल रही है | सरकार के इस प्रयास की हम सराहना करते है परन्तु हम आपको अवगत करना चाहते है की अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर हम फूटपाथ पर थड़ी-ठेला लगाकर रोजी-रोटी चलाने वालों को आए दिन हमारे थड़ी-ठेला को उजाडा जा रहा है | कल दिनांक 03/05/2011 को बनी पार्क स्थित कलेक्ट्री सर्कल के कबीर मार्ग से करीब 30 फूटपाथ व्यवसायियो को उजाड कर उनके थड़ी-ठेले जब्त कर लिए गये |

माननीय उच्चतम नयायालय ने पूर्व में अपने फैसले में थड़ी-ठेला को अतिक्रमण नहीं माना है | राजस्थान राज्य में थड़ी-ठेला व फेरीवालों के लिए **'फेरीवालों का संसार' नीति 2007** लागु है जिसके तहत उन्हें लाइसेंस देकर व्यवस्थित रूप से बसाने की व्यवस्था है | इस सम्बन्ध में कांग्रेस अध्यक्ष **श्रीमती सोनिया गाँधी** काफी गंभीर है तथा माननीय प्रधानमंत्री **श्री मनमोहन सिंह** जी भी 04/08/2010 इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री **श्री अशोक गहलोत** को भी पत्र लिख चुके है परन्तु आज दिनांक तक इस पर कार्यवाही नहीं की गयी है |

आप से अनुरोध है की हम थड़ी-ठेला व फूटपाथ व्यवसायियों को जल्द से जल्द व्यवस्थित कर बसाने तथा हमें अतिक्रमण न मान कर वर्तमान में हो रहे उत्पीडन से राहत पहुचाने का कष्ट करें | हम इस ज्ञापन के संदर्भ में आप द्वारा की गयी कार्यवाही के बारे में सूचित किये जाने की अपेक्षा करते है |

भवदीय

उदय सिंह राठौर
(पूर्व विधायक)
मो० नं० 9314297432

अमित कुमार गोंड, जीविका अभियान
D-125, महावीर मार्ग, अम्बाबाडी, जयपुर-302012
फोन: 09351781458, amit.gond@ccs.in

बनवारी शर्मा
बनवारी शर्मा, अध्यक्ष
फोन: 09829092918

जीविका अभियान